सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{27 आषाढ़ 1936 (श0)}}{\text{18 जुलाई, 2014 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 94

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 49 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 35 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 01 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 04 |
| (6) संसदीय कार्य विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 94 |

विद्युतीकरण कराना

*1036. श्री अमन कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के सगुनी ग्राम तथा बाखरपुर पंचायत के अम्मापुर ग्राम का विद्युतीकरण आजतक नहीं किये जाने के कारण लोगों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम को विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोल गाड़ना

*1037. श्री सुरेश चंचल—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत ईटहा-सकरा पी०एम०जी०एस०वाई० पथ स्थित सकरा प्रखण्ड के मझौलिया पंचायत में महद्दीपुर गाँव के पास बीच सड़क पर बिजली का एक पोल गड़ा हुआ है जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सड़क पर अवस्थित बिजली के पोल को उखाड़कर सड़क के किनारे गाड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत उप-केन्द्र का निर्माण

*1038. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथू प्रखण्ड के तिलौथू में विद्युत् उप-केन्द्र के निर्माण हेतु मौजा मिर्जापुर के थाना नं० 269, खाता 219, खेसरा नं० 11, रकबा 364, आनावाद, बिहार सरकार 1.50 एकड़ जमीन का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अंचलाधिकारी, तिलौथू द्वारा विभाग को भेजी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तिलौथू के मिर्जापुर में विद्युत उप-केन्द्र का निर्माण कराने पर विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दंडित करना

*1039. श्री संजय सिंह टाईगर—दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 सितम्बर, 2013 को प्रकाशित ''कबाड़ हो रहा है 55 लाख का वाहन'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि केबल फाल्ट डिटेक्टर मशीन की खरीद वर्ष 2000 में 55 लाख में खरीदा गया था जिसका उपयोग आजतक नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पेसू के सामने उक्त वाहन खड़ा-खड़ा पानी-धूप से जंग लगकर सड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सरकारी सम्पत्ति की बर्बादी के लिये दोषी पदाधिकारियों को जाँच कराकर दंडित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कमी को दूर करना

*1040. श्री मुजाहिद आलम—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी०एच०सी०) में डाक्टरों एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी के कारण महिलाओं एवं अन्य मरीजों के इलाज में काफी दिक्कत् होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ डॉक्टरों एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी को दूर करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कमी को दूर करना

*1041. श्री तारकिशोर प्रसाद—दैनिक समाचार दिनांक 16 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''नीतीश की लापरवाही से मेडिकल कॉलेजों में नामांकन पर रोक'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि विगत वर्ष में मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इंडिया ने बिहार के पाँच मेडिकल कॉलेजों में संरचनात्मक संसाधनों एवं सुविधाओं की कमी को लेकर सरकार को चेताया था;

(2) क्या यह बात सही है कि मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इंडिया के चेतावनी के बावजुद भी सरकार द्वारा सुधार का कोई प्रयास नहीं किया गया, जिससे उक्त कॉलेजों में नामांकन पर रोक लग गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मेडिकल कॉलेजों में कबतक संरचनात्मक संसाधनों एवं सुविधाओं की कमी को दूर करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*1042. श्रीमती पूर्णिमा यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नारदीगंज प्रखण्ड के नारदीगंज उप-स्वास्थ्य केन्द्र में बेडों की संख्या मात्र छः (6) है तथा महिला चिकित्सक एक भी नहीं है जिससे महिलाओं के प्रसव में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में बेडों की संख्या बढ़ाते हुये महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1043. श्री लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पताही प्रखंड स्थित पदुमकेर पंचायत के नरवाँहाँ एवं पताही पश्चिमी पंचायत रूपनी जिरात तथा रूपनी उपाध्याय टोला की आबादी क्रमशः 4 हजार, 25,000 हजार एवं 15,000 हजार की है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टोला में बिजली नहीं रहने के कारण कृषि एवं अन्य कार्यों में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में राजीव गाँधी योजना के तहत विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण कराना

*1044. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा 2 प्रखण्ड के प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र हसाटांड में चिकित्सक एवं कर्मचारियों के लिये आवास नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक एवं कर्मचारियों के लिये आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*1045. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड में दिनांक 30 मई, 2014 के मध्य रात्रि में आये चक्रवाती तूफान से करीब 30 परिवारों के घर पूर्णतः उजड़ गये तथा बड़ी संख्या में पेड़-पौधे एवं कई पशुजन की भी क्षति हुई है, यदि हाँ, तो प्रभावित परिवारों को मुआवजा एवं बसाने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

ट्राँसफॉर्मर बदलना

*1046. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के परशुरामपुर पंचायत के वार्ड 11 के ट्राँसफॉर्मर विगत बारह माह पूर्व जल गया है, यदि हाँ, तो अभीतक उसे नहीं बदलने का क्या औचित्य है ?

---

कार्य शुरू कराना

*1047. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल, सहरसा द्वारा निविदा के उपरांत सत्तर कटैया प्रखण्ड के लक्ष्मिनियाँ बुढ़ा बाबा स्थान में छतदार चबुतरा बसिया घाट मदरसा में दो कमरे का सामुदायिक भवन निर्माण एवं नवहट्टा प्रखण्ड में केदली पुनर्वास में दिनेश्वर साह के घर के निकट छतदार चबुतरा निर्माण का कार्य संवेदक को आवंटित हुआ था, परन्तु कार्य शुरू नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1048. श्री सुनील कुमार ''पिन्टू''—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राज्य के प्रत्येक गाँव, टोला एवं घर-घर विद्युतीकरण का कार्य किया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के ग्राम-हरिपट्टी (भैयाटोल) वार्ड नं० 8, पटवारा दक्षिण, पोस्ट-नारायण पट्टी, प्रखण्ड-रामनगर में आजादी के इतने साल बाद भी विद्युतीकरण नहीं हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल में विद्युतीकरण कार्य कराने हेतु ग्रामीणों द्वारा कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, मधुबनी को वर्ष 2011 के अप्रैल, वर्ष 2012 के मई, एवं वर्ष 2013 के जनवरी, में आवेदन दिया गया, परन्तु अभीतक विद्युतीकरण नहीं हो पाया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में विद्युतीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

### तार बदलना

*1049. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत कहलगाँव अनुमण्डल के ग्राम धनौरा से सनोखर बैजनाथपुर तक के 11 के०भी० डब्ल्यू का तार 40 वर्ष पूर्व संधारण किया गया था जो काफी जर्जर हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के बीच एक पोल से दूसरे पोल की दूरी काफी अधिक रहने के कारण तार काफी झुका हुआ है जिस कारण प्राय: विद्युत् दोष उत्पन्न होता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकरात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 11 के०भी० डब्ल्यू का तार बदलने के साथ पोलों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### मुआवजा एवं तार बदलना

*1050. श्री विजय कुमार सिन्हा—दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के मोहदीनगर गाँव में जर्जर विद्युत् तार के गिरने से दो व्यक्ति की मौत हो गई, यदि हाँ, तो मृतक परिवार को मुआवजा एवं जर्जर तार बदलने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

### वेंटिलेटर की व्यवस्था

*1051. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच० सहित राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को मिलाकर पूरे राज्य में मेडिसिन आई०सी०यू० में 7 ही वेंटिलेटर कार्यरत है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में कम-से-कम 12-12 वेंटिलेटर की व्यवस्था जनहित में कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*1052. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला में चानन (मननपुर) कजरा, पीरीबाजार विद्युत् उप-केन्द्र का निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2007 में दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि चानन (मननपुर) विद्युत् उप-केन्द्र का निर्माण पुरा होने के बावजूद चालू नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चानन (मननपुर) विद्युत् उप-केन्द्र को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण कराना

*1053. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखण्ड के रामपुरचाय पंचायत के पांचुविगहा, हैदरगंज, मोलाविगहा, पिढ़हो, भगवानपुर, प्रयागविगहा, धराना वाला विगहा, गोपी विगहा, वैड़वाना ग्राम में आजतक विद्युतीकरण कार्य नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण कराना

*1054. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड के तेलडीहा ग्राम में बिजली अभीतक सरकार द्वारा मुहैया नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

तार लगाना

*1055. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा नगर परिषद् के वार्ड नं0 26 में लगभग 1000 उपभोक्ता अपने पैसे से तार खरीदकर लंबी दूरी से अपने घर तक विद्युत् कनेक्शन लिए हुए है, क्योंकि पाँच वर्ष पूर्व पोल गाड़कर उसपर अभीतक तार नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कम ऊँचाई पर उपभोक्ताओं के तार के कारण संभावित दुर्घटना के मद्देनजर अविलम्ब उक्त पोलों पर तार लगाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

ट्राँसफॉर्मर बदलना

*1056. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड के गोविन्दापुर बाजार एवं ओलहाँ बाजार तथा तुरकौलिया प्रखंण्ड के बोरिंग चौक का ट्राँसफॉर्मर दो माह से जला हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जले ट्राँसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण कराना

*1057. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत सचना पंचायत के ग्राम मधुवनी टोला के 20C ग्रामीणों द्वारा विद्युत् कनेक्शन के लिए वर्ष 2012 में विद्युत् कंन्ज्यूमर बने हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा अभीतक उक्त टोला को विद्युतीकरण करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के मधुवनी टोला में विद्युतीकरण का कार्य कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापना कराना

*1058. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत पतरघट प्रखण्ड के धबौली पंचायत अंतर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु ग्रामीणों द्वारा वर्ष 2011-12 में जमीन आवंटित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा कई बार उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु सिविल सर्जन, सहरसा को 2012 में ध्यान आकृष्ट कराया परन्तु आजतक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी जिसके कारण महादलितों को अपने इलाज हेतु सहरसा जाना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराकर चिकित्सकों को पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य पूर्ण कराना

*1059. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत प्रश्नकर्ता विधायक द्वारा वर्ष 2013 में ही गोपालगंज जिले के बरौली विधान-सभा क्षेत्र में बिजली का तार-पोल एवं ट्राँसफॉर्मर लगवाने हेतु अनुशंसा की गयी थी, यदि हाँ, तो क्या सरकार शीघ्र उन अनुशंसित एवं स्वीकृत योजनाओं का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

*1060. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबनी प्रखंड के भुजरवा, चिलवनिया, खैरवा, मडवाँ सहित 10 पंचायत में आजादी के बाद आजतक बिजली नहीं पहुँचाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में बिजली की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नौकरी देना

*1061. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सहरसा पावर ग्रिड में बिजली मजदूर बुच्ची लाल यादव, ग्राम सुखासन, प्रखंड सत्तर कटैया का निधन करेंट लगने से जून, 2014 में हो गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व० यादव अपने परिवार के पोषण का एक मात्र कर्ता-धर्ता थे;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व० यादव के परिवार को मुआवजा एवं अनुकम्पा के आधार पर सरकारी नौकरी देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों नहीं ?

---------

कार्य शुरू करना

*1062. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के हासिलपुर पंचायत के बिन टोली ग्राम को विद्युतीकृत नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव का विद्युतीकरण का कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराना

*1063. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी प्रखंड के बहुअरी-झिटक-हीपा, नौरंगीमा के बटहरीया-लक्ष्मीपुर वीचरा कोठी प्रखंड के द० ठेकहा के फकिरा टोला में राजीव गाँधी विद्युत् योजना के तहत वर्ष 2011-12 में तार-पोल एवं ट्रॉंसफॉर्मर लग गये परन्तु अबतक विद्युत् आपूर्ति शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

विकसित कराना

*1064. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला आजमनगर प्रखंड अन्तर्गत गोरखनाथ धाम मंदिर में महाशिवरात्री तथा श्रावणी मेला में 10 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक हेतु लगती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धाम में तत्कालीन मुख्य मंत्री द्वारा 14 जून, 2013 को बुनियादी सुविधा सहित पर्यटन स्थल के रूप में गोरखनाथ धाम को विकसित करने की घोषणा की गई थी;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बिजली आपूर्ति करना

*1065. श्री राम नरेश यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड अन्तर्गत पीपरा परसाईन गाँव में राजीव गाँधी विद्युत् योजना के तहत वर्ष 2010 में प्रारम्भ विद्युतीकरण का कार्य अभीतक अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पीपरा परसाईन गाँव में विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा बहाल करना

*1066. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनबरसा के पंचायत मंगवार में उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना वर्ष 1953 में हुआ था तथा वर्ष 99. तक चिकित्सक कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1990 के बाद चिकित्सकों का पदस्थापन बंद हो गया तथा भवन भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पाँच एकड़ जमीन वर्ष 1990 में ही नये उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना हेतु सरकार को उपलब्ध करा दिया है तथा 2014 में उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड भी कर दिया गया है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड के अनुरूप चिकित्सकों का पदस्थापन एवं भवन का जीर्णोद्धार करने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जले ट्राँसफॉर्मर बदलना

*1067. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत विरौल प्रखंड के गौड़ा, उसड़ी मंदिर के नजदीक बरैडीह, अगरैडीह, अम्बा, सर्दी टोल, वैसपुर, देकुलीधाम, मनोर भौराम, बहेड़ी प्रखंड के रजवाड़ा कबीर आश्रम का ट्राँसफॉर्मर विगत डेढ़ वर्षों से जला हुआ है, जिससे लोगों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इन स्थानों पर जले ट्राँसफॉर्मर को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*1068. श्री नितिन नवीन--दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''सिटी स्कैन और एम०आर०आई० के बिना कैसे होगा इलाज'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला स्थित आई०जी०आई०एम०एस० की इमरजेंसी में सिटी स्कैन पिछल दो साल से तथा पी०एम०सी०एच० में एम०आर०आई० मशीन तीन साल से बंद पड़े हैं, जिससे वहाँ के मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

ऊर्जान्वित करना

*1069. श्री विभाषचन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड के मलहरिया पंचायत के चौधरी चकला गाँव में मई, 2013 में 25 के०भी०ए० एवं 16 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर तथा तार एवं पोल लगा दिया गया, परन्तु ऊर्जान्वित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव को ऊर्जान्वित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण कराना

*1070. श्री रामचन्द्र सदा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत खगड़िया प्रखण्ड के बरैय पंचायत में भगवान चक सुगठिया गाँव में अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन 1987 ई० के प्रलयंकारी बाढ़ में ध्वस्त हो गया और अभीतक नहीं बनाया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*1071. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा एवं सोनपुर प्रखण्डान्तर्गत प्रधान मंत्री, ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का कार्य वर्ष 2009 से बंद पड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधान मंत्री, ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत् (फेज-1) सोनपुर का दर्जनों ग्राम का विद्युतीकरण नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रधान मंत्री विद्युतीकरण योजना के तहत् उक्त प्रखंड के विद्युतीकरण से वंचित गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वा० केन्द्र खोलना

*1072. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत सात वर्ष पूर्व जिला पदाधिकारी, सिविल सर्जन एवं विधायकों की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति द्वारा अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, उप-केन्द्र हेतु प्रत्येक प्रखंड के प्रत्येक विधान-सभा क्षेत्र में चयन किया गया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में कबतक प्रत्येक विधान-सभा क्षेत्र में भवन निर्माण कराकर उप-केन्द्र तथा अतिरिक्त स्वा० केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*1073 श्री (डॉ०) फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत ससरमां, भतौरा, घाट भटरा, भटरा, सिंगराहा, असुरा, इटहरवा, नवटोली (नरपक) नाहस पूर्वी, बेहरा, दमला घाट, लोहरा, शिबौल, सादुल्लाहपुर (मुस्लिम टोला) अंचल गौट जहुराबाद में अभीतक विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन गाँवों में विद्युतीकरण कराकर लोगों को बिजली मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नकली नोट बदलना

*1074. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''दुर्गावती जलाशय के विस्थापितों में अफसरों ने बाँट दिये नकली नोट'' के आलोक में क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत 28 मई, 2014 को जिला प्रशासन ने दुर्गावती परियोजना के 67 विस्थापित परिवार वालों के बीच प्रोत्साहन राशि का वितरण किया है, जिसमें वितरण की गई राशि में एक-एक हजार के नोट नकली पाये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि नकली एक-एक हजार नोट को बदलने हेतु विस्थापित अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन आजतक नकली नोट नहीं बदला जा सका है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

निर्माण कराना

*1075. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखण्ड के हावीडीह, नन्छुहली, बिजुलिया, इनाई एवं विरौल प्रखंड के अधार पड़री स्थित प्रा० स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन क्षतिग्रस्त है तथा चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रा० स्वा० उप-केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार तथा चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य शुरू कराना

*1076. श्री रमेश ऋषिदेव--दिनांक 7 जून, 2014 को दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक साल में नहीं जुटी एक भी ईंट'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सबैला गाँव में राजकीय मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल का शिलान्यास 6 जून, 2013 को मा० मुख्य मंत्री द्वारा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मेडिकल कॉलेज, अस्पताल के शिलान्यास हुये 12 माह बीत जाने के बाद भी·781 करोड़ की लागत से बनने वाला अस्पताल के लिये एक भी ईंट का जुगाड़ नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल का अभीतक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

----------

विद्युत् आपूर्ति करना

*1077. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड बोध गया के ग्राम-श्री सानीचक, टोला सैयद डीह में 6 माह से बिजली का तार कटा हुआ है जिससे विद्युत् आपूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विद्युत् तार लगाकर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

ट्राँसफॉर्मर बदलना

*1078. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के मलमला, शम्भुनगर एवं गुलेरिया ग्राम के ट्राँसफार्मर एक वर्ष पूर्व जल गया है, यदि हाँ, तो जले ट्राँसफॉर्मर को बदलने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

----------

बेड की संख्या बढ़ाना

*1079. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत एस०के०एम०सी०एच० अस्पताल उत्तर बिहार का प्रमुख अस्पताल है;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्तर बिहार में इंसेफेलाईटिस नामक खतरनाक बीमारी प्रत्येक वर्ष दस्तक देती है, जिससे सैकड़ों बच्चे की जान चली जाती है और लोगों के पास इस अस्पताल के अलावा इलाज कराने का कोई उचित विकल्प उपलब्ध नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में भवन तथा बेड के अभाव में सैकड़ों मरीज जमीन पर सोकर इलाज कराने को विवश हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में अविलम्ब भवन निर्माण के साथ बेड की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण करना

*1080. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत आजमनगर प्रखण्ड के मरवतपुर, चोल्हर, केलाबाड़ी, देवगाँव, खरसौता, खुरियाल, अमरसिंहपुर, दनिहाँ, निंमौल, महेशपुर, शीतलमणि तथा गायघट्टा पंचायतों में अभीतक बिजली का तार-पोल नहीं पहुँचा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में तार, पोल एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराकर विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण कराना

*1081. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार स्थित सदर अस्पताल में 300 बेड का भवन निर्माण कराने हेतु वर्ष 2012-13 में निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण नहीं होने से रोगियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*1082. श्री अरूणशंकर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत भैयापट्टी एवं मढ़िया स्वास्थ्य उप-केन्द्र ए०एन०एम० एवं चिकित्सक के अभाव में बन्द है जिस कारण स्थानीय रोगियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य केन्द्र में ए०एन०एम० एवं चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रा0स्वा0 केन्द्र की स्थापना

*1083. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 24 मार्च, 2013 में प्रकाशित शीर्षक "79 हजार की आबादी पर है एक एपीएचसी चाहिये 30 हजार पर" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 79 हजार की आबादी पर एक अति0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र है जबकि मानक में 30 हजार की आबादी पर एक अति0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र का प्रावधान है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

नया भवन बनाना

*1084. श्रीमती मंजू कुमारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चकमेहसी एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, वीरसिंहपुर का भवन पिछले दस वर्षों से जर्जर है, जिससे चिकित्सा कर्मी एवं मरीजों को चिकित्सा कार्य में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिये नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युतीकरण कराना

*1085. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर प्रखण्डान्तर्गत मजरही गाँव में वर्ष 2007-08 में विद्युत् पोल गाड़ा गया है परन्तु तार, ट्राँसफॉर्मर एवं अन्य सामग्री नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सामग्री उपलब्ध कराकर उक्त गाँव का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

राहत देना

*1086. श्री डॉ0 अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 27 मार्च, 2014 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सुखाड़ से वर्ष 2009 में 26 जिले, वर्ष 2010 में 38 जिले और वर्ष 2013 में 33 जिले प्रभावित हुये ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में राज्य सरकार के द्वारा केन्द्र सरकार से 12,564 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की माँग की गयी थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य के किसानों को उपरोक्त तीन वर्षों में न तो केन्द्र सरकार द्वारा और न ही राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदा में कोई राहत दी गयी ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के किसानों को राहत देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार एवं पोल बदलना

*1087. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव विधान-सभा क्षेत्र के गोराडीह प्रखण्ड में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना से ट्रॉंसफॉर्मर, तार एवं पोल बदलने हेतु योजना संख्या 22 एवं 23 तथा सन्हौला प्रखण्ड की योजना सं0 24, 25 एवं 26 में वर्ष 2013 में राशि आवंटित की गयी थी, यदि हाँ, तो क्या सरकार आवंटित राशि से ट्रॉंसफॉर्मर, तार एवं पोल बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*1088. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी सदर अस्पताल के 75 कार्टून नकली दवा नगर थाना मोतिहारी में वर्ष 2013 में जप्त किया गया है जिसकी प्राथमिकी दर्ज है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

औचित्य बताना

*1089. श्री नितिन नवीन--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''ट्रॉंसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर को ही मरम्मत की दरकार'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का पटना ट्रॉंसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में ट्रॉंसफॉर्मर रिपेयरिंग के लिये आवश्यक सामग्रियाँ वर्कशॉप में उपलब्ध नहीं रहने के कारण ट्रॉंसफॉर्मरों की मरम्मत नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

विद्युत् फीडर से जोड़ना

*1090. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मीरगंज विद्युत् सब-स्टेशन से सीवान जिला के बड़हरिया फीडर को भी विद्युत् आपूर्ति की जाती है, जिससे मीरगंज के आस-पास के इलाके में विद्युत् आपूर्ति सही रूप से नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बड़हरिया विद्युत् फीडर को सीवान विद्युत् स्टेशन से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वा0 केन्द्र खोलना

*1091. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के उप-सचिव स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा पत्रांक 681 (10), दिनांक 09 सितम्बर, 2013 द्वारा गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरा के क्षतिग्रस्त भवन के निर्माण करने एवं स्वास्थ्य केन्द्र सदौवां में 01 एकड़ 03 डिसमिल 15 धुर भूमि की उपलब्धता देखते हुये अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने हेतु जाँच प्रतिवेदन की माँग की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन गोपालगंज के पत्रांक 4051, दिनांक 3 दिसम्बर, 2013 द्वारा उक्त स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की अनुशंसा सरकार के उप-सचिव स्वास्थ्य, विभाग, बिहार, पटना को भेजी गयी थी ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरा का भवन निर्माण एवं सदौवां में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपूर्ति सुनिश्चित करना

*1092. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2012 में निर्णय लिया गया है कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के बगही रामनगर, मोरसड पंचायतों में 18 घंटे के बजाय मात्र 5 घंटा बिजली की आपूर्ति होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में 18 घंटे तक बिजली की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1093. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखंड के ग्राम पंचायत पौरा की दूरी सदर अस्पताल नवादा से आठ कि0 मी0 है, जिससे उक्त पंचायत के रोगियों खासकर गर्भवती महिलाओं को इलाज में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*1094. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखंड के जयपुर स्वास्थ्य उप-केन्द्र में समुचित स्वास्थ्य सुविधा नहीं रहने के कारण उक्त प्रखंड के पाँचों पंचायत के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का उत्क्रमण, चिकित्सक एवं नर्सों की प्रतिनियुक्ति हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

कार्रवाई करना

*1095. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माननीय प्रश्नकर्ता द्वारा मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत शिवहर जिला के तरियानी प्रखंड के पचरा गोटा, लक्ष्मीपुर बरूआर टोला, मोतनाजे लहसुरका वार्ड नं0 05, 07, 08, 09, 10, 11 छतौनी वार्ड नं0 08 राजी छतौनी, बंगराही वार्ड नं0 06 सलेमपुर वार्ड नं0 05 मिश्रा टोला, सलेमपुर वार्ड नं0 09 में विद्युतीकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2013-14 में 60 लाख रुपया की अनुशंसा की गई थी, यदि हाँ, तो राशि उपलब्ध होने के बावजूद भी विद्युतीकरण नहीं करने का क्या औचित्य है एवं सरकार दोषी पदाधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

--------

उपलब्ध कराना

*1096. श्री (डॉ0) इजहार अहमद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे को इंतजार'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के अन्तर्गत नालन्दा मेडिकल कॉलेज अस्पताल को अरबों रुपये खर्च कर सेंटर ऑफ एक्ससेंस बनाने की ब्लू प्रिंट तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन0एम0सी0एच0 की मान्यता बरकरार रखने हेतु सिटी स्कैन मशीन, इमरजेंसी की एक्स-रे मशीन विगत तीन वर्षों से खराब पड़ा है तथा एम0आर0आई0 मशीन है ही नहीं एवं अल्ट्रसाउण्ड व एक्स-रे मशीन विगत डेढ़ वर्ष से स्टोर में ही पड़ा हुआ है, तथा यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार एन0एम0सी0एच0 अस्पताल की मान्यता बरकरार रखने हेतु उक्त वर्णित सामग्रियों को अस्पताल में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*1097. श्री रमेश ऋषिदेव --क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमार खंड प्रखंड के प्राथमिक स्वा0 केन्द्र में महिला चिकित्सक नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1098. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट एवं पंचदेवरी प्रखण्डान्तर्गत 156 विभिन्न स्थानों पर विद्युतीकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2013-14 में विधायक निधि से तार-पोल एवं ट्रांसफॉर्मर लगाने की अनुशंसा प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा किये जाने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुशंसित स्थानों पर तार-पोल एवं ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य प्रारंभ कराना

*1099. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इसुआपुर प्रखण्ड में विद्युत् उप-केन्द्र बनाने की स्वीकृति वर्ष 2011-12 में प्रदान की गई थी, किन्तु निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

निर्माण कराना

*1100. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत प्रतापगंज प्रखण्ड के सूरजापुर का उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन वर्ष, 2008 के बाढ़ में ध्वस्त हो गया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार यहाँ भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूरा कराना

*1101. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सौर बाजार प्रखण्ड अन्तर्गत सौर बाजार में बन रहे पावर सब-स्टेशन के निर्माण कार्य के उपयोग में लगाये गये सामग्री की गुणवत्ता अच्छी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने तथा पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यान्वित कराना

*1102. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने प्रत्येक रेफरल अस्पताल को अनुमंडलीय अस्पताल में परिणत कर 100 शय्या वाले अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकरहना अनुमंडलीय अस्पताल जो कि रेफरल अस्पताल भी है, का चयन 100 शय्या वाले अस्पताल में उन्नयन हेतु किया गया है, यदि हाँ, तो इसे अभीतक कार्यान्वित नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

माँग के अनुरूप विद्युत् की आपूर्ति

*1103. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला को 75 मेगावाट बिजली की आवश्यकता के विरुद्ध मात्र 35 मेगावाट बिजली आपूर्ति की जाती है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

निर्माण कराना

*1104. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड अन्तर्गत चन्दनपट्टि रतनपुर एवं गनियारी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भवनहीन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मशीन लगाना

*1105. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल, आरा एवं अनुमंडलीय अस्पताल, जगदीशपुर में सी0 टी0 स्कैन, एक्स-रे तथा अल्ट्रासाउण्ड मशीन नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में उक्त मशीन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

* 1106. श्री विभाषचन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कुर्सेला पॉवर सब-स्टेशन में नवगड़िया पावर ग्रिड से बिजली आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुर्सेला पावर सब-स्टेशन को आवंटित बिजली के अनुरूप नवगड़िया पावर ग्रिड से बिजली आपूर्ति नहीं की जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुर्सेला पॉवर सब-स्टेशन को आवंटित बिजली के अनुरूप बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निजी सामाजिक संस्था खोले जाने का औचित्य

* 1107. श्री लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के लिखित आदेश के बिना ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशी नगर, पटना, न्यू सचिवालय अस्पताल, पटना में एक्यूप्रेशर चिकित्सा की निजी सामाजिक संस्था की पृथक इकाई नर्ष, 2008 से संचालित है, यदि हाँ, तो क्या सरकारी अस्पतालों में निजी सामाजिक संस्था खोले जाने का औचित्य क्या है ?

-------

वेतन भुगतान कराना

* 1108. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अधीक्षक, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना ने अपने ज्ञापांक 2518, दिनांक 25 जुलाई, 2013 द्वारा श्री श्याम किशोर एवं श्री अवनीश रंजन सहित कुल छः (6) स्वास्थ्य प्रबंधकों की नियुक्ति किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री श्याम किशोर एवं श्री प्रणव कुमार को मानदेय (वेतन) नियमित रूप से मिल रहा है किन्तु शेष 4 (चार) श्री अवनीश रंजन, श्री शैलेन्द्र कुमार प्रभाकर, श्री अंजनी कुमार एवं मो0 अशरफ अली कौशर, स्वास्थ्य प्रबंधकों को वेतन भुगतान नियुक्ति की तिथि से आजतक (लगभग 10 माह से) वेतन नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष कर्मियों का वेतन भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार बदलना

*1109. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के लखना पंचायत के डुमरी गाँव एवं सदमैली पंचायत के सदभैली गाँव का विद्युत् तार विगत् 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के बिजली के जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*1110. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय प्रश्नकर्ता द्वारा मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर, सिधवलिया एवं बरौली प्रखंडों के मानटेंगराही, बसंत छपरा वार्ड नं0-8, परसौनी नोनिया टोला, कल्याणपुर मधुबनी, बुचिया मौजे हरेन्द्र सिंह के टोला, बघवार निजामत, सराड् नया टोला, मौजे सुपौली पहाड़पुर, शेर हरेन्द्र सिंह के टोला एवं सरेया पहाड़ में विद्युतीकरण हेतु 12 जुलाई, 2013 को अनुशंसा की गयी थी, जिसका प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति कार्यपालक अभियंता ने पत्रांक 1548, दिनांक 24 दिसम्बर, 2013, पत्रांक 1462, दिनांक 11 दिसम्बर, 2013, पत्रांक 119, दिनांक 20 जनवरी, 2013, पत्रांक 1042, दिनांक 23 सितम्बर, 2013 एवं 1061, दिनांक 24 सितम्बर, 2013 द्वारा दी गयी थी ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उक्त सभी गाँवों का विद्युतीकरण कार्य अबतक आरंभ नहीं किये जाने का क्या औचित्य है तथा सरकार समय पर कार्य नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

--------

आपूर्ति करना

*1111. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत नारायणपुर ग्राम पंचायत के जोबदे टोला (छोटा मियांपुर) में दो साल से बिजली का पोल गाड़ा गया है परन्तु तार नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ तार लगाकर बिजली की आपूर्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् मीटर बदलने का औचित्य

*1112. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर में बिजली आपूर्ति हेतु निजी कम्पनी को सरकार द्वारा जिम्मेदारी दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व से बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा लगाये गये कार्यरत उपभोक्ता मीटर को बिना कारण बताये बदला जा रहा है जिससे उपभोक्ता को बेवजह परेशानी हो रही है तथा उपभोक्ताओं से अवैध वसूली की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो फिर विद्युत् मीटर बदलने का क्या औचित्य है ?

बिजली विपत्र में सुधार

*1113. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के प्रखण्ड सासाराम एवं तिलौथु के विद्युत् उपभोक्ताओं को मीटर रिडिंग करने के उपरान्त मीटर रिडिंग के अनुपात में अत्यधिक बिजली विपत्र भेजे जा रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल विपत्र सुधार हेतु शिविर लगाकर बिजली बिल विपत्र सुधारने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

व्यवस्था करना

*1114. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर प्रखण्ड के हरसिंगारपुर पंचायत के तहत् वार्ड नं0 20 के टोला नवानगर में पोल एवं तार नहीं रहने के कारण विद्युत् की आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार वहां कबतक विद्युत् आपूर्ति की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-------

बजट राशि खर्च नहीं होने का औचित्य

*1115. श्री (डॉ0) अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 27 मार्च, 2014 एवं 4 अप्रील, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''बजट की 76 प्रतिशत राशि ही खर्च'' के आलोक में क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में राज्य की बजट राशि का मात्र 76 प्रतिशत राशि ही खर्च हो सका है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

-------

विद्युतीकरण कराना

*1116. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड के रायपुर गाँव की आबादी दस हजार है लेकिन गाँव में विद्युतीकरण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के द्वारा कई बार नवगाच्छिया बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी कोई पहल नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रायपुर ग्राम का विद्युतीकरण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*1117. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के हलसी प्रखण्ड के साढ़ माफ पंचायत के सेठना गाँव में सामान्य वर्ग की आबादी में ग्रामीण विद्युतीकरण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सेठना नया टोला जहाँ की आबादी एक हजार से ज्यादा है जो दलित, महादलितों का टोला है, विद्युतीकरण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सेठना महादलित टोला, नया टोला में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

उपलब्ध कराना

*1118. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कतरीसराय प्रखण्ड में ग्राम बजड़ाचक, लोहराजपुर, कमलबीघा गाँव में आजतक विद्युत् की सुविधा उपलब्ध नहीं है जबकि उक्त गाँवों की आबादी लगभग 2 हजार से अधिक है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत् बिजली की सुविधा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

दवाई का छिड़कावा कराना

*1119. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शहर में मच्छड़ का काफी प्रकोप है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गया शहर में फॉगिंग मशीन द्वारा मच्छड़ नाशक दवाइयों का छिड़काव कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*1120. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव के पत्रांक 889, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 द्वारा आदेश निर्गत है कि माननीय सदस्यों के लिखे पत्र की प्राप्ति सूचना 15 दिनों एवं कृत कार्रवाई की सूचना एक माह के भीतर उपलब्ध करायी जाय ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 43/13, दिनांक 18 मार्च, 2013 से अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल आरा, भोजपुर, पत्रांक 53/13, दिनांक 4 अप्रैल, 2013 एवं पत्रांक 115/13, दिनांक 8 अक्टूबर, 2013 से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, आरा, भोजपुर तथा पत्रांक 114/13, दिनांक 8 अक्टूबर, 2013 से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल जगदीशपुर भोजपुर को पत्र लिखा गया है परन्तु आजतक कृत कार्रवाई तो दूर पत्र प्राप्ति तक की सूचना अनुपलब्ध है, यदि हाँ, तो आदेश का उल्लंघन करने वाले पदाधिकारियों पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान हेतु सरकार की योजना

*1121. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जननी बाल सुरक्षा योजना अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिये 1400 रु0 (चौदह सौ) का भुगतान एकाउन्ट पेई चेक के माध्यम से होता है, यदि हाँ, तो बैंक खाता रहित गर्भवती महिलाओं को उक्त राशि का भुगतान हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

आई0 वी0 सेट खरीदना

*1122. श्री (डॉ0) प्रेम कुमार--दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 19 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पी0 एम0 सी0 एच0 आई0 वी0 सेट खरीद में धांधली'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल पी0 एम0 सी0 एच0 में रोगियों को इंट्राविनस (आई0 वी0 सेट) सेट लगाये जा रहे हैं, जिसका एक्सपाइरी तिथि मात्र 15 दिन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि काफी कम दामों में शॉर्ट एक्सपाइरी आई0 भी0 सेट अस्पताल प्रशासन द्वारा खरीदी जा रही है, जो घटिया क्वालिटी का है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई एवं उत्तम क्वालिटी की आई0 वी0 सेट खरीदने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार कराना

*1123. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर रेफरल अस्पताल में चहारदीवारी शौचालय, लेबर रूम, पंखा एवं बेड की उपलब्धता न होने के साथ ही जर्जर भवन होने से मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शाहपुर रेफरल अस्पताल में उक्त सुविधाएँ उपलब्ध कराते हुये चहारदीवारी एवं जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना शुरू कराना

*1124. श्री (मो0) जावेद--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 10 जून, 2013 को तत्कालीन प्रभारी मंत्री किशनगंज जिला की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के जिला-स्तरीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 के लिये किशनगंज विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रश्नकर्ता द्वारा अनुशंसित योजनाओं की सूची उक्त बैठक में दी गई थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि अनुशंसित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल, किशनगंज को दे दी गई है ;

(4) क्या यह बात सही है कि अनुशंसित योजना का कार्य अबतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

कार्रवाई करना

*1125. श्री संजय सिंह ''टाइगर''--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से लोगों का जीना दुभर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार को अभी 1200 मेगावाट बिजली केन्द्रीय कोटे से मिलती है तथा प्रत्येक दिन 800 मेगावाट खुले बाजार से खरीद कर करीब 10--12 घंटा बिजली आपूर्ति करती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जो भी बिजली उपलब्ध है उसका कमजोर बुनियादी वितरण ढाँचा होने के कारण राज्य में वितरण घाटा 43 प्रतिशत होता है और बिजली बर्बाद हो जाती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में बिजली का उत्पादन बढ़ाने तथा वितरण ढाँचा सुदृढ़ करने के लिये कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ;

---

निर्माण कराना

*1126. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रा0 स्वा0 केन्द्र में चहारदीवारी नहीं रहने से हॉस्पीटल कैम्पस में जमीन का अतिक्रमण, अवैध दूकान एवं अवैध गाड़ियाँ लगती रहने से मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को काफी परेशानी होती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में बड़ी मशक्कत के बाद अतिक्रमणकारियों से जमीन खाली कराया गया था जिसमें कई प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हुई थीं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रा0 स्वा0 केन्द्र केसरिया में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तार बदलना

*1127. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के गोपालगंज विधान-सभा क्षेत्र में थावे फीडर से 35 किलो मीटर और यादवपुर फीडर से 25 किलो मीटर दूरी तक विद्युत् आपूर्ति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त दोनों फीडर से आपूर्ति हेतु जो बिजली के तार लगाये गये हैं वे जर्जर हैं और इसके कारण बिजली/ विद्युतापूर्ति बाधित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार थावे एवं यादवपुर फीडर से जानेवाले जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 1128. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के अन्तर्गत हथुआ विधान-सभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2012-13 में मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत प्रश्नकर्ता सदस्य ने बिजली विभाग को विभिन्न ग्राम में ट्राँसफॉर्मर, विद्युतीकरण कार्य एवं तार, पोल लगाने हेतु 2,01,50,000 (दो करोड़ एक लाख पचास हजार रुपया) का अनुशंसा किया था तथा अनुशंसा के आलोक में प्रशासन ने निविदा निकालकर कार्य संचालन करने हेतु निविदाकर्ता को निविदा की राशि नवम्बर, 2013 में उपलब्ध करा दिया, परन्तु संवेदक रवि कन्सट्रक्शन के द्वारा अभीतक काम पूरा नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त योजना को जनहित में यथा शीघ्र पूरा कराते हुये समय पर कार्य नहीं करने वाले दोषी पर आवश्यक कार्रवाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

* 1129. श्री (डॉ0) अरूण कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडलीय अस्पताल में विभिन्न कोटि के 107 पद राज्य सरकार से स्वीकृत है लेकिन अभीतक स्वीकृत पद पर नियुक्ति नहीं किया गया है जिससे अनुमंडलीय अस्पताल के संचालन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलीय अस्पताल में उक्त स्वीकृत पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 18 जुलाई, 2014 (ई0) ।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

--------

बि0स0मु0 (एल0ए0), 67-डी0टी0पी0-450